राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)

RAJA SHANKAR SHAH UNIVERSITY CHHINDWARA (M.P.)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara

क्र. 24408 /अका /रा.श.श.वि. /2024 दिनांक 09/09/2024

//अधिसूचना//

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह दिनांक 27/09/2024 दिन शुक्रवार को आयोजित हो रहा है। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के सत्र 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में सत्रावार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

स्वर्ण पदक हेतु पात्र छात्र–छात्राओं को छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (CIMS) के द्वितीय तल में स्थित "डॉ. एच.के.टी. रजा मेमोरियल ऑडिटोरियम में दिनांक 25 एवं 26 सितम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे पूर्वाभ्यास में शामिल होना अनिवार्य होगा। पूर्वाभ्यास में सम्मिलित छात्र/छात्राओं को ही दिनांक 27 सितम्बर 2024 को दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक/उपाधि प्रदान की जायेगी।

क्र.	कक्षा	छात्र हेतु पोशाक (Dress)	छात्रा हेतु पोशाक (Dress)
1	स्नातक	कुर्ता पैजामा, रंग – ऑफ व्हाईट	साडी., रंग – ऑफ व्हाईट
2	स्नातकोत्तर	कुर्ता पैजामा, रंग – ऑफ व्हाईट	साडी., रंग – ऑफ व्हाईट

नोट :–

1. सभी छात्र/छात्राओं के लिए जैकेट का कलर गोल्डन ब्राउन।
2. छात्र/छात्राओं हेतु उत्तरीय,
   - स्नातक के छात्र/छात्राओं के लिए रंग – गोल्डन ब्राउन
   - स्नातकोत्तर छात्र/छात्राओं के लिए रंग – लेमन यलो
3. सभी छात्र/छात्राओं के लिए पीली पगड़ी।

उत्तरीय, पगड़ी एवं जैकेट विश्वविद्यालय से प्रदान की जावेगी। जिसका शुल्क रूपये 1000/– (रूपये एक हजार मात्र) का भुगतान विश्वविद्यालय के खाता क्रमांक **39462541355** आईएफएससी कोड **SBIN0005940** में जमा किया जायेगा। राशि जमा होने के उपरांत उत्तरीय, पगडी एवं जैकेट पूर्वाभ्यास के दौरान दिनांक 25 सितम्बर 2024 को प्रदान किया जावेगा।

विशेष निर्देश :–

1. पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं अपने साथ मोबाइल फोन, ईयर फोन आदि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण और भोजन आदि सामग्री सभागार में लेकर नहीं जा सकेंगे।
2. सभागार में आमंत्रण–पत्र से ही प्रवेश दिया जायेगा।
3. सभागार में प्रवेश उपरांत कार्यक्रम समाप्ति तक बाहर जाना वर्जित होगा।

9/9/24

कुलसचिव
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

पृ. क्र. 24409/अका./रा.श.श.वि./2024 दिनांक 09/09/2024

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलगुरू महोदया जी के निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरू महोदया जी की ओर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय परिक्षेत्रांतर्गत राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा।
3. आई.टी. शाखा राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा कृपया वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।
4. संबंधित नस्ती।

9/9/24

संयोजक
दीक्षांत समारोह
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Scanned with OKEN Scanner